हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 जून 2024
नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 जिला अस्पताल में शिविर में 857 लोग में ...



07 पहाड़ी नदी पर जनसहयोग से बने पुल का हुआ लोकार्पण



### पहले शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल, फिर धांधली, हाईकोर्ट ने दिए दोबारा जांच के आदेश

# नर्सिंग कॉलेज में हुए गड़बड़झाले की जांच करने पहुंची सीबीआई टीम

**नर्मदापुरम के पवारखेड़ा स्थित बीआरडी नर्सिंग कॉलेज और इटारसी के दुबे अस्पताल में गुरूवार को सुबह करीब 11 बजे सीबीआई की टीम अचानक जांच करने पहुंची। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नर्सिंग कॉलेज में हुई धांधली से संबंधित दस्तावेजों को खंगाला और वीडियोग्राफी की। वहीं इटारसी के दुबे अस्पताल में भी जांच की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज मान्यता घोटाले में जांच की आंच नर्मदापुरम और इटारसी तक आ पहुंची है। गुरुवार को सीबीआई की टीम नर्मदापुरम में बीआरडी नर्सिंग कॉलेज और इटारसी के दुबे अस्पताल जांच करने पहुंची। नर्मदापुरम में बीआरडी नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई की टीम द्वारा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराई और दस्तावेज खंगाले। नर्मदापुरम के पवारखेड़ा में स्थित बीआरडी नर्सिंग कालेज में गुरुवार को सीबीआई का जांच दल जांच करने पहुंचा हुआ है। सुबह 11 बजे से दल कॉलेज में दस्तावेज खंगाल रहा है। पूरी जांच मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हो रही है, जिसकी पूरी वीडियो ग्राफी कराई जा रही है। भोपाल से आई सीबीआई की टीम के कुछ सदस्य इटारसी के दुबे हॉस्पिटल पहुंचे और यहां भी पूछताछ की है।

बता दें कि कोरोनाकाल के दौरान मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई थी। जब शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठे तो सीबीआई जांच कराई गई, लेकिन जांच में धांधली के आरोप लगे तो इसके बाद हाईकोर्ट ने दोबारा जांच कराने के आदेश दे दिए। अब जांच के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में 30 मई 2024 को सुनवाई के दौरान लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल की तरफ से एक आवेदन पेश किया गया था। जिसमें कहा गया है कि सीबीआई जांच में गड़बड़ी और रिश्वत का मामला सामने आने के बाद सूटबेल कॉलेजों की जांच विवादित और संदिग्ध हो चुकी है। हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा इन 169 कॉलेजों के दोबारा जांच के आदेश दिए थे।

## बस स्टैंड पर न रुकने वाली बस के संचालकों पर कार्रवाई करें: उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान को निर्देश दिए कि वे ऐसे बस संचालकों के विरुद्ध प्रभावाशील कार्रवाई करना सुनिश्चित करें जो अपनी बसे बस स्टेंड तक नहीं ले जाते हैं और बसों को कहीं भी खडी कर सवारी बैठाते हैं। ऐसी बसों की परमिट भी तत्काल कैंसिल की जाए। मंत्री श्री राव ने कहा कि आमतौर पर यह देखने में आता है कि दो बसों के छूटनें के समय में काफी कम समय का गैप रहता है। इससे समय मिलानें एवं हडबडी के चक्कर में दुर्घटनाऐं घटित रहती है। श्री राव नें आरटीओ अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बसों के छूटने के समय में पांच से सात मिनट का गैप रखें। उन्होनें निर्देश दिये कि ऑटो का परमिट 03 माह कि जगह एक साल का दिया जाए। मंत्री श्री राव ने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों को सीएम राइज स्कूल में परिवर्तित किया गया है। उन स्कूलों के बच्चों को सीएम राइज स्कूल में एडमिशन से न रोका जाए। छात्रावास में भी उन्हें प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाए।

श्री राव ने कहा कि निजी विद्यालय आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन को मना नहीं कर सकेंगे। स्कूलों में रिक्त सीटों के अनुपात में आरटीई के तहत बच्चों का एडमिशन प्राथमिकता से करना होगा। उन्होंने डीपीसी राजेश जैसवाल को निर्देश दिये कि वे एक बार पुनः आरटीई के तहत वंचित तबके के बच्चों की सीट का पुनः परीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल के प्राचार्यों पर प्रभावशाली नियंत्रण रखे। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, नगरपालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू यादव, नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## स्कूल चलें हम अभियान: कलेक्टर सोनिया मीना ने शिक्षक बनकर बच्चों को पढाया भारत के संविधान में निहित मूल सिद्धांत और नागरिकों के कर्तव्य का पाठ




**नर्मदापुरम।** पूरे प्रदेश के साथ ही नर्मदापुरम जिले में भी स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ 18 जून से प्रारंभ हो चुका है। 20 जून को कलेक्टर सोनिया मीना एवं सभी अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाया और उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर नर्मदा पुरम सोनिया मीना ने स्कूल चले हम अभियान के तीसरे दिन शासकीय सीएम राइज स्कूल पवार खेड़ा पहुंची। उन्होंने स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को भारत के संविधान एवं नागरिकों के कर्तव्य तथा मूल सिद्धांत का पाठ पढ़ाया। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ तो हमारे यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू हुई। संविधान बनाया गया। उन्होंने संविधान में निहित व्यक्तियों के मौलिक कर्तव्य एवं संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त कर्तव्य एवं अधिकार के संबंध में सरल रूप से छात्र-छात्राओं को पाठ पढ़ाया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बताया कि सरकार के तीन अंग न्यायपालिका कार्यपालिका एवं व्यवस्थापिका है। यह तीनों अंगों अपने-अपने कार्य करते हैं, जिससे देश सुचारू रूप से चलता है। कलेक्टर ने बताया कि जनता जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी बात रखती है, हर 5 वर्ष में देश में चुनाव होता है और जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है। जनता को अपना प्रतिनिधित्व चुनने का अधिकार हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त किया गया है।

## पत्रकार संघ ने किया सांसद दर्शन सिंह चौधरी का स्वागत



**नर्मदापुरम।** पत्रकार कल्याण परिषद समिति एवं नर्मदांचल पत्रकार संघ द्वारा संयुक्त रूप से होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी का गुरुवार को स्थानीय हीरोहोण्डा शोरूम के पास स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अतुल सेठा मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझपर क्षेत्र के विकास और सेवा के लिए अवसर प्रदान किया है। उस पर खरा उतरकर विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। वहीं राज्यसभा सांसद नारोलिया ने कहा कि हम दोनों सांसद एक और एक ग्यारह के बराबर हैं तथा मेरे 6 साल और सांसद के 5 साल कुल 11 साल क्षेत्र के विकास के लिए डबल इंजन सरकार के माध्यम से हमेशा कार्य करेंगे। इस अवसर पर नर्मदांचल पत्रकार संघ के संरक्षक बलराम शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, अध्यक्ष आशीष दीक्षित, उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी, पत्रकार सुरेन्द्र सिंह राजपूत, मनोज सोनी, राजेश तिवारी, सीमा कैथवास, पंकज शुक्ला, श्याम राय, मुकेश भदौरिया, नेहा थापक आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।



## विश्व सिकलसेल दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का 554 ग्राम पंचायतों में हुआ लाइव

# जिला अस्पताल में शिविर में 857 लोग में मिले सिकलसेल के 190 व 427 अन्य बीमारी के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय के नवीन एमसीएच भवन में सिकलसेल परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बैतूल डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि शिविर में कुल 2003 लोग, जांच एवं परामर्श हेतु उपस्थित हुए, जिसमें 857 मरीजों का पंजीयन, रक्त जांच के पश्चात 190 मरीज सिकलसेल बीमारी, 240 सिकलसेल वाहक एवं 427 सामान्य मरीज पाए गए।

उन्होने बताया कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित शिविर में सर्वप्रथम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में डिंडोरी जिले में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिले की सभी 554 ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण किया गया, जिसको लगभग 55 हजार लोगों द्वारा देखा गया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके, नपाध्यक्ष बैतूल पार्वती बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपा उपाध्यक्ष बैतूल महेश राठौर एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनील भलावी उपस्थित थे।




**सिकलसेल एनीमिया गंभीर आनुवंशिक बीमारी, ग्रामीणों को जागरूक करना भी आवश्यक :** इस अवसर पर आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि सिकलसेल एनीमिया गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिसको चिकित्सक एवं दवाइयों के द्वारा खत्म नहीं किया जा सकता है। बैतूल जिला सिकलसेल प्रभावित जिला है। शुरू के वर्षों में बच्चों में बीमारी का पता नहीं चलता। उम्र बढ़ने के साथ-साथ हीमोग्लोबिन की कमी, पीलिया का बार-बार होना एवं जोड़ो का दर्द रहना, इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। ये लक्षण होने पर तत्काल सिकलसेल स्क्रीनिंग करवाकर उपचार प्रारंभ करवाएं। घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस बीमारी की पहचान एवं निदान की जानकारी का अभाव है। हमें चिकित्सक, एएनएम, आशा, स्वास्थ्य अमला के साथ मिलकर इस बीमारी के प्रति जागरूक करना होगा, क्योंकि जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में खून की कमी पायी जाती है।

### विवाह के समय सिकलसेल की जांच करवाना जरूरी

मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख ने कहा कि यह अनुवांशिक बीमारी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी कई वर्षो से लगातार चली आ रही है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करने हेतु समाज के विभिन्न संगठनों एवं स्वास्थ्य विभाग को साथ मिलकर सिकलसेल के प्रति लोगों में जागरूकता लाना होगा। यह बीमारी माता-पिता से बच्चों में आती है इसलिए विवाह के समय सिकलसेल की जांच करवाना आवश्यक है। सिविल सर्जन डॉ.अशोक बारंगा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं ग्राम आरोग्य मंदिर तक सिकलसेल की स्क्रीनिंग हेतु साधन उपलब्ध करवा दिये गये हैं। हमें अधिक से अधिक लोगों का लक्ष्य लेकर स्क्रीनिंग का कार्य करना है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.जगदीश घोरे ने बताया कि शिविर में कुल 2003 लोग जांच एवं परामर्श हेतु उपस्थित हुए, जिसमें 857 मरीजों का पंजीयन, रक्त जांच के पश्चात 190 मरीज सिकलसेल बीमारी, 240 सिकलसेल वाहक एवं 427 सामान्य मरीज पाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा किया गया एवं रोगियों को परामर्श दिया गया, जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा सेवाएं दी गईं। शिविर में 127 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर रक्त जांच की गई।

### सिवनपाट ग्राम पंचायत को किया पुरस्कृत

*जनप्रतिनिधियों द्वारा मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं जेनेटिक कार्ड प्रदान किए गए एवं विकासखंड घोड़ाडोंगरी के सिवनपाट ग्राम पंचायत ने शत-प्रतिशत सिकलसेल स्क्रीनिंग कार्य होने पर ग्राम पंचायत सरपंच एवं सीएचओ को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन आर.एम.ओ. डॉ.रानू वर्मा द्वारा किया। शिविर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय के समस्त विषय विशेषज्ञ चिकित्सक, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती शिल्पा जैन, डीपीएम, डीसीएम, आरबीएसके मैनेजर आदि उपस्थित रहे।*

### प्रत्याशा संस्था द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित



विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में प्रत्याशा संस्था द्वारा सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए सभी से सिकलसेल एनीमिया के प्रति जागरूक एवं सजग रहने की अपील की गई, और प्रत्याशा संस्था की ओर से तूलिका पचौरी, आशीष कोकने, साक्षी शर्मा, प्रमिला धोत्रे, कृष्णा अमरुते , सोनम मिश्रा, जयश्री देशमुख द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

## ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर

# चार हादसों में 4 लोगों की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में बीते 24 घंटों में 4 अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 1 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें 2 की मौत सड़क हादसे में, 1 की करंट लगने और 1 की ट्रेन से गिरकर हुई। सबसे बड़ा हादसा बैतूल-परासिया स्टेट हाईवे पर हुआ। यहां ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक की जिला अस्पताल लाते समय मौत हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश धुर्वे उम्र 19 वर्ष निवासी ढकलीफाटा और उसका साथी प्रदीप धुर्वे उम्र 18 वर्ष निवासी ढकलीफाटा थाना सारणी बुधवार दोपहर में बाइक से घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन जा रहे थे। दोनों युवक मजदूरी का काम करते थे। वे इसी के लिए नागपुर जाने बाइक से घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में स्टेट हाईवे पर उनकी बाइक की ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में प्रदीप धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी राकेश धुर्वे को गंभीर हालत में डब्लूसीएल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद राकेश को भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राकेश धुर्वे के शव का जिला अस्पताल बैतूल में और प्रदीप धुर्वे का घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### करंट लगने से मौत

बैतूल कोतवाली थाना क्षेत्र के मर्दवानी में बुधवार को युवक मनोज मर्सकोले (36) की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मनोज घर में बिजली सुधार रहा था। इसी दौरान बिजली आ जाने से उसे जोर का करंट लगा। जिससे वह मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गया था।

### रेल ट्रैक पर मिला शव

इधर बैतूल गंज थाना पुलिस को बैतूल से आमला की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उसके पास शिनाख्त के कोई दस्तावेज या कोई पहचान पत्र न होने से उसका नाम-पता नहीं मिल सका है। रेल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने मृतक का शव जिला अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका पीएम करवाया गया। प्रधान आरक्षक अनिरुद्ध यादव ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### पटरी किनारे पड़ा रहा

रेलवे से ही जुड़े एक अन्य हादसे में फ्लिपकार्ट कंपनी का एक कर्मचारी चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। होश आने पर उसने रास्ते में एम्बुलेंस को रोका और फिर बैतूल डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पहुंचा। जहां उसका इलाज चल रहा है। वह रात भर ट्रैक के पास पड़ा रहा। घटना बैतूल के धाराखोह के पास हुई। जानकारी के अनुसार, विकास शर्मा (45) निवासी दिल्ली, समता एक्सप्रेस से दिल्ली से दुर्ग अपने दोस्त से मिलने जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### नीट-यूजी 2024 परीक्षा कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**बैतूल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, नीट-यूजी 2024 परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में आज, 21 जून को सुबह 11 बजे बैतूल के उद्योग कार्यालय के सामने कांग्रेस जनों द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, पूर्व विधायक गण, प्रदेश प्रतिनिधि गण, जिले के समस्त पदाधिकारीगण समेत कांग्रेस की सभी लोगों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### भाजपा गंज मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न



**बैतूल।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व एवं जिला द्वारा दिए गए कार्यक्रम को सम्पन करने के उद्देश्य से गंज मंडल की कामकाजी बैठक हुई जिसमे 21 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र मालवीय ने विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा एक पेड़ माँ के नाम लगाने का कार्यकताओं से आग्रह किया । इस कामकाजी बैठक मे मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा उपाध्यक्ष प्रवीण वराठे,अनिल पावर,आशीष पावर ,मंत्री रवि हिरानी, बिरजू पाखरे,सूजय पोनिकर ,कार्यालय मंत्री कुणाल शर्मा,सह कार्यालय मंत्री दीपक नानकर आदि मौजूद थे आभार झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूरन साहू ने किया ।

### संयुक्त टीम ने मुक्त कराए 30 बाल श्रमिक

**बैतूल।** 1 से 30 जून 2024 तक बाल एवं किशोर श्रमिकों का अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदीपन संस्था, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे जिले में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान प्रदीपन संस्था ने ब्लॉक बैतूल, चिचोली, भीमपुर, भैंसदेही मे अवेयरनेश के दौरान 30 बाल श्रमिकों को चिन्हित किया एवं बुधवार को इटारसी रोड में श्रम विभाग, पुलिस कोतवाली बैतूल, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रदीपन संस्था की संयुक्त टीम द्वारा 6 बच्चों को रेस्क्यू कर पालकों के सुपुर्द किया गया, कार्रवाई की गई।

# पुलिस ने 14 जुआरियों को पकडा, 23.190 रु. बरामद

## महिला पार्षद ने पुलिस पर लगाया मारपीट कर पैसे वसूली का आरोप

**पुलिस ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर में जुआ सट्टा आम होता जा रहा है आज मुलताई पुलिस ने 14 जुआरियों को पड़कर उनके पास से 23190 रुपए एवं ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। जुआ एक्ट में मामला दर्ज सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया है। इधर ताप्ती वार्ड की महिला पार्षद निर्मला उबनारे ने पुलिस पर उनके पुत्र विक्की उबनारे के साथ मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिए जाने का आरोप लगाया है।

महिला पार्षद ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी की है । उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी ने उनके पुत्र के साथ मारपीट कर के 50 हजार रुपए भी लिए हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मंगोनाकलां के पास सोनू बिहारे के पोल्ट्री फार्म के पास लगे लाइट के उजाले में कुछ लोग जुआ खेल रहे है।

टीम ग्राम मंगोनाकलां सोनू बिहारे के पोल्ट्री फार्म के पास पहुंची तो देखा कि कुछ लोग जुआ खेल रहे थे जो पुलिस को देख कर गिरते पड़ते भागने का प्रयास करने लगे। टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। इनमें विक्की उबनारे पिता रामसंजूर उबनारे, शिवा बेले पिता राजकुमार बेले, शेख फिरोज शाह पिता शेख दातू, अलकेश साहू पिता राजू साहू, पवन मोरले पिता प्रकाश मोरले, प्रदीप बेले पिता फागू बेले, विशाल साहू पिता लक्ष्मण शाह, सचिन पिता रमेश वानखेडे, संजय अंबाटकर पिता सुदर्शन अंबाटकर, शेख फारूख पिता शेख हसीब, रोहित चौरसे पिता प्रकाश चोरसे, प्रफुल्ल गावंडे पिता शंकर गावंडे, संजय खाडे



पिता गंगाधर खाडे, शेख शाकिब पिता शेख सलीम हैं।

**इनका कहना है**

पुलिस ने कोई मारपीट नहीं की और ना ही पैसे का कोई लेनदेन हुआ है जुआ सट्टा सामाजिक बुराई है इसे हम दूर करने का प्रयास कर रहे हैं आरोप निराधार है।

**राजेश सातनकर,**
थाना प्रभारी मुलताई

## गंज मंडी काम्प्लेक्स का मामला

# अतिक्रमण को लेकर दो भागों में बंटे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गंज मंडी क्षेत्र के नवनिर्मित कॉम्प्लेक्स में नगर पालिका द्वारा निर्मित दुकानें तैयार होकर अभी आवंटित भी नहीं हुई है, और वहां विवाद बढ़ने लगा है। मंडी कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों को दुकान बनते तक नगर पालिका द्वारा विस्थापित किया गया है।

वर्तमान में व्यापारियों के एक धड़े ने नपाध्यक्ष बैतूल, नगर पालिका सीएमओ, कलेक्टर, सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि गंज मंडी परिसर में अमन साहू, राकेश साहू, संजय पंवार, शुभम पारडकर, हर्ष पवार, आयुष राठौर, दीपक तालमपुरिया, रोहित घोडकी, धीरज अमरगड़े, वसीम खान, पूजा टिकारे, संदीप ठाकुर आदि हम लोगों के द्वारा 6-7 वर्षो से आज दिनांक तक दुकानें संचालित है। परंतु कुछ कपड़ा व्यापारियों द्वारा व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से नगर पालिका एवं कलेक्टर को हमारे विरूद्ध झूठी अतिक्रमण की शिकायत करते रहते हैं। इससे पहले भी चेतन साहू, रमेश परिहार, जगदीश साहू, पुष्पराज साहू, मोनू साहू, नसीम खान आदि व्यापारियों ने सीएम हेल्पलाइन को शिकायत की थी, जिसका निराकरण हो चुका है। जिसमें पाया गया था कि किसी व्यापारी को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही है। हमें पता चला है कि व्यापारी सुरेश सावनेरे, ओमकार साहू, सोनू साहू, धनराज कापसे, पुष्पराज साहू आदि ने हमारे विरूद्ध झूठी शिकायत नगरपालिका एवं कलेक्ट्रेट में की है।

### अतिक्रमणकारी दे रहे झूठे आवेदन : दूसरा पक्ष

*दूसरी ओर इस मामले में व्यापारियों के दूसरे गुट के व्यापारी सुरेश सावनेर, ओमकार साहू, सोनू साहू, धनराज कापसे, चेतन साहू, रमेश परिहार, जगदीश साहू, पुष्पराज साहू, मोनू साहू, नसीम खान ने अपने ज्ञापन में कहा है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा झूठे आरोप लगाए जा रहें हैं। सुरेश सावनेर ने कहा कि नगर पालिका द्वारा विस्थापन के समय 122 दुकानदारों का सर्वे करवाया गया था जिसमें इन शिकायतकर्ताओं के नाम नहीं हैं। सोनू साहू और चेतन साहू ने इस संबंध में बताया कि विस्थापन के दौरान हमें निश्चित रकबे में प्लाट काटकर दिए गए थे और यह अतिक्रमणकारी विगत 2 वर्षो से बड़े रकबों पर अतिक्रमण कर दुकानें संचालित कर रहे हैं। धनराज कापसे और जगदीश साहू ने बताया कि नगर पालिका इस पर गहराई से जांच कर ले तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।*

# अमरवाड़ा विस कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में हुए शामिल

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का डागा हाउस में किया गया जोरदार स्वागत



**बैतूल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का बैतूल में भव्य स्वागत किया गया। वे छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इवनाती की नामांकन रैली में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

बैतूल पहुंचने पर उमंग सिंघार का डागा हाउस में पूर्व विधायक निलय डागा, धरमू सिंह सिरसाम, ब्रम्हा भलावी कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे, नारायण धोटे द्वारा पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस के सुनील जेधे, प्रशांत राजपूत, मोनू बड़ोनिया, लोकेश पगारिया, पुष्पा पेंद्राम, अक्कू पटेल, ऋषि सिरसाम सहित अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही। कांग्रेस जनों ने उत्साहपूर्वक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का सम्मान किया। डागा हाउस से रवाना होकर उमंग सिंघार गेंदा चौक पहुंचे, जहां पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। यहां से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व विधायक निलय विनोद डागा छिंदवाड़ा के लिए रवाना हुए।

**छिंदवाड़ा में भी जोरदार स्वागतः** छिंदवाड़ा पहुंचने पर वहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उमंग सिंघार और निलय डागा का सम्मान किया। उमंग सिंघार और निलय डागा ने धीरन शाह इवनाती की नामांकन रैली में शामिल होकर कांग्रेस की एकजुटता का संदेश दिया। अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इवनाती की नामांकन रैली में उमंग सिंघार की उपस्थिति ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल और उत्साह और बढ़ा दिया है।



### अमरवाड़ा में 10 जुलाई को उपचुनाव में होगा मतदान

मध्यप्रदेश के अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर आगामी 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा विधानसभा में धीरेन शाह इवनाती का आदिवासी समाज पर काफी प्रभाव रहा है। इस उपचुनाव में छिंदवाड़ा की राजनीति गर्म हो गई। कांग्रेस प्रत्याशी अब बीजेपी प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देंगे।

# कांग्रेस गुटबाजी पर बोले नीलय डागा बर्तन साथ होंगे तो बजेंगे भी

## नीलय डागा धरमू सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बैतूल के पूर्व विधायक नीलय डागा एवं पूर्व विधायक धरमू सिंह पूर्व विधायक डॉक्टर पंजाब राव बोड़खे निवास पहुंचे जहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

बोड़खे परिवार की महिलाओं ने उनकी आरती उतार कर उनका स्वागत किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र से कार्यकर्ता उपस्थित थे नीलय डागा ने सभी का स्वागत सत्कार स्वीकार करते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार रहे हमें मिलकर संघर्ष करना है। पूर्व विधायक निलय डागा से जब पत्रकारों ने यह पूछा कि क्या कारण है कि लोकसभा चुनाव में बैतूल जिले की दो प्रमुख विधानसभा बैतूल और मुलताई में भाजपा को लोकसभा में सबसे अधिक मत मिले हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में सत्ता सरकार का प्रभाव रहा शासन प्रशासन की भी भाजपा ने पूरी ताकत लगाई हमारे कार्यकर्ताओं को दबाया गया कार्यकर्ताओं को कम करने से रोका गया इसलिए यह रिजल्ट आए हैं यह पूछे जाने पर की क्या कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी भी इसका एक कारण रहा है उन्होंने कहा हमारे यहां कोई गुडबाजी नहीं है सभी ने काम किया परिवार में बर्तन होते हैं तो बजेंगे भी। और सिर्फ बैतूल में नहीं पूरे मध्य प्रदेश में यही हालत है लोगों के गले में फंदा डालकर जमीनों के घोटाले कर रहे हैं नरसिंह घोटाले कर रहे हैं अधिकारियों पर दबाव है वसूली का और जिस तरीके से पुलिस प्रशासन का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया है उसके नतीजा परदेस में आए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ पंजाबराव बोडखे, डॉक्टर विशाल बोडखे, गुड्डु मानकर, हर्षवर्धन धोटे, किशोरी पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल चलाते आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली बैतूल पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान इटारसी रोड पर एक वाहन चालक आरोपी पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने पर पुलिस ने संदेह होने पर मोटरसाइकिल चालक का पीछा कर उसे पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम अक्षित उर्फ आशीष पिता मानिक उईके उम्र 18 साल 4 माह निवासी ग्राम लहासा थाना भैंसदेही जिला बैतूल का होना बताया। उक्त आरोपी के कब्जे से मिली मोटरसाइकिल के बारे में जब उससे पूछताछ कर दस्तावेज मांगने पर आरोपी ने इटारसी से वाहन



चोरी करना कबूल किया। आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर 4 अन्य मोटरसाइकिल भी बैतूल से चोरी करके बिक्री करने के लिए छिपाकर रखना बताया गया। आरोपी से कुल 5 मोटरसाइकिल बरामद की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## शासकीय कन्या शिक्षा परिसर और जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम

# विश्व सिकल सेल दिवस पर बीमारी के बारे में बताया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर और जिला चिकितसालय में सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये शिविर आयोजित कर इसकी रोकधाम और उपचार के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाते रहा है।'राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों के नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

**प्रत्येक जिला चिकित्सालय में जांच की व्यवस्थाः** सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिये प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जॉचे जैसे-सीबीसी, टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई




जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है। आदिवासी बहुल इलाकों में सिकलसेल एनीमिया की व्यापकता अधिक है एवं सिकलसेल एनीमिया आदिवासी बहुल क्षेत्रों में एक अहम स्वास्थ्य समस्या है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग द्वारा रोगी की पहचान कर जेनेटिक काउंसलिंग एवं प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। राजकुमार गुप्ता, चिकित्सालय से चिकित्सकगण और छात्रा/छात्राएं तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सांसद, विधायक और नपाध्यक्ष ने की सामाजिक कार्य की सराहना, नपाध्यक्ष ने किया जनता का आह्वान, रैन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाएं

### स्कूल संचालक ने कराया पुल का निर्माण, गांव को भी होगा लाभ

# पहाड़ी नदी पर जनसहयोग से बने पुल का हुआ लोकार्पण

सांसद दर्शन सिंह, विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां न्यास कालोनी बायपास से ग्राम सोनासांवरी को सीधे जोडऩे वाले नवनिर्मित पुल का लोकार्पण गुरुवार दोपहर में किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस पुल के बन जाने से गांव के रास्ते पर बने जीनियस प्लानेट स्कूल के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों के साथ ही ग्रामीण भी एक लंबा फेर लगाने से बच जाएंगे। पुल का निर्माण जन सहयोग से जीनियस प्लानेट स्कूल प्रबंधन ने कराया है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यह विरला ही उदाहरण है जो कि मैंने अपने सार्वजनिक जीवन में पहली बार देखा है कि सामाजिक व्यक्ति ने पुल का निर्माण कराया और सारा समाज उसके साथ खड़ा है, बल्कि इससे स्कूल के साथ ही समाज का हित भी हो रहा है। पुल निर्माण में डॉ. साहब ने भी पूरे मन से साथ दिया तो यह संभव हो सका है। यह श्रेष्ठतम काम है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इसके लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा कि आज यदि हम सही बात के लिए खड़े रहते हैं तो उसके पीछे आप जनता की ताकत है। पुल बनने से सबको फायदा होगा, हमने केवल छोटी सी मदद की है। इससे स्कूल के 15 सौ बच्चों, उनके पालकों, गांव के लोगों और स्कूल के टीचर्स को फायदा होगा। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूल की डायरी का विमोचन भी किया।

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग की पहल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि जीनियस प्लानेट स्कूल में पांच रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं, इसके लिए हम स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी निवेदन किया कि वे रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं, सामग्री का खर्च उठाएं, प्लम्बर का खर्च नगर पालिका उठाएगी, आप कॉल करें, प्लम्बर हम भेजेंगे। उन्होंने पुल निर्माण के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज हित में काम कराने की इच्छाशक्ति केवल विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा में ही है।

### अतिथियों का सम्मान किया

स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मान किया गया। शाला की ओर से मो. यूनिस सिद्दीकी, मो. जाफर सिद्दीकी, श्रीमती मनीता सिद्दीकी, खुशी सिद्दीकी ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मनीता सिद्दीकी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य विशाल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंघल, संजय दुबे, राकेश पांडेय, सर्वजीत सिंघ सैनी, राकेश दुबे सहित स्कूल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नल जल योजना के अंतर्गत खोदी गई सड़क पर पसरी कीचड़

### राहगीर, छात्र और शिक्षकों के साथ वृद्धजन हो रहे है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



करीब 4 वर्षों से चल रहा नल जल योजना का कार्य आज भी मझधार में लटका है। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई हैं। अधिकांश जगह अभी भी सड़क का मरम्मत ना होने के कारण वर्तमान में हो रही बारिश से सड़कें कीचड़ नुमा होने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। बहु चर्चित सोहागपुर कि नल जल योजना के तोड़ी गई सड़कों के गड्ढे जहां कहीं खुले होने से वर्तमान में हुई मानसून की पहली बरसात में ही लोगो की परेशानी का सबब बनाते जा रहे है । कई जगह आलम तो ये है कि खोदी गई सड़क की मिट्टी सड़क में ही फेंक दी थी जो उन दिनों तो तकलीफ का कारण नही बनी थी लेकिन अब बरसात के दिनो मे लोगो का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

### स्कूल जाने के रास्ते में परेशान होंगे शिक्षक-छात्र

शोभापुर के पाल मोहल्ले में सड़क खोद कर खोदी गई मिट्टी को सड़क में डालने से आज की स्थिति में वहां कीचड़ हो गया है जबकि अभी सिर्फ एक दो घंटे की ही वारिश हुई है। ज्ञातव्य हो कि उक्त सड़क से शासकीय बालक हाई स्कूल के जाने का रास्ता है जिसमे शोभापुर के अनेक मोहल्लों के छात्र और कई शिक्षक इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। जो कि नल जल योजना अंतर्गत ठेकेदार द्वारा खोदी गई सड़क की मिट्टी परेशानी का सबब बन रही है ।

### उक्त सड़क का मरम्मत का कार्य करवाते हैं

इस संबंध में पीएचई विभाग के उपयंत्री दर्शन धुर्वे ने कहा कि मैं ठेकेदार को अवगत कराकर उक्त सड़क की मरम्मत का कार्य करवाता हूं।

### योग दिवस आज

**इटारसी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मुख्य कार्यक्रम अटल पार्क में सुबह 6 बजे से होगा। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा भी योग प्रशिक्षण एवं योग अभ्यास में शामिल होंगे। इसी के साथ नगर पालिका द्वारा आयोजित योग सप्ताह का भी समापन हो जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी बीआरसी प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन निशुल्क खेल प्रशिक्षण 10 मई से प्रारंभ हुआ। सीएम राइस स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में खेल का प्रारंभ किया गया था कन्या महाविद्यालय में खिलाड़ियों को हैंडबॉल ताइक्वांडो फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया गया शिविर के समापन में संदीप शर्मा के साथ संयोजक प्राचार्य एन के राज द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कार किया गया। कन्या विद्यालय के प्राचार्य एनके राज एवं प्राचार्य संगीत दुबे के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण कोच अरविंद शर्मा सचिन पुरबिया निशा ठाकुर राशि शाह खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरबिया एवं तमाम शिक्षकों के द्वारा खेल का प्रारंभ किया गया और बच्चों को अलग-अलग प्रतिदिन खेल का प्रशिक्षण किया गया।

# नाले का पानी रोका तो मछुआरे हो सकते परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मुकुंदलीला आर्गनिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गौडी मढकाढ़ाना मे जैविक खेती के उद्देश्य से शिव कुमार शर्मा से करीब 84 एकड़ ज़मीन खरीदी। ज़मीन खरीदने के बाद उक्त कंपनी द्वारा खरीदी ज़मीन और शिकायत कर्ता सिंचाई विभाग के अनुसार कुछ शासकीय ज़मीन पर स्टाप डैम बनाने से तालाब में मत्स्य पालन करने वाले जलवंशीय समाज को उनके भरण पोषण का खतरा दिख रहा है । संभावित खतरे को देखते हुए डॉक्टर भीम राव आंबेडकर मत्स्य सह समिति द्वारा एसडीएम राजस्व, एसडीओ सिंचाई विभाग और सीईओ के नाम पर ज्ञापन देकर गौडी खेड़ा स्थित डेम के जल स्तर को बनाए रखने हेतु नाले पर भू स्वामियों द्वारा उत्पन्न किए गए अवरोध (स्टाप डेम) हटाए जाने की मांग की है। डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर मत्स्य सह समिति के अध्यक्ष खेमचंद कहार ने उक्त कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज जो आदिवासी किसान है और अपने खेतों पर कृषि कर अपना भरण पोषण कर रहे हैं वही आदिवासी किसान संबंधित कंपनी द्वारा नाले का पानी रोके जाने के बाद गौडी मढकाढ़ाना क्षेत्र का रकबा अनुपजाऊ होने के बाद इन्ही कंपनी वालो को बेचने पर मजबूर हो जाएंगे और इसके बाद गौडी मढकाढाना, गौंडी खेड़ी, सीटिया गोहना, बिनेका, नांदनेर , टूरा खाफा इत्यादि गांवों के लिए आज जो किसान है कल मजदूरी करते देखे जा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार नवल किशोर चौकसे का कहना है कि वह जैविक कृषि के उद्देश्य से गौडी मढकाढ़ाना में जमीन क्रय की थी के जबाव में ग्रामीणों का कहना है कि हमे जैविक खेती , मत्स्य पालन , मधु मक्खी पालन इत्यादि से कोई शिकायत नहीं है । हमारा सिर्फ इतना कहना है कि नाले का पानी अवरोधित ना हो और न ही जलाशय का जल स्तर प्रभावित हो क्योंकि ये हमारे और बच्चों के जीवन का आधार है। वहीं एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया गौडी मढकाढाना में जलाशय पर जल स्तर प्रभावित होने की आशंका के चलते मछुवारा संघ ने ज्ञापन दिया है। तहसीलदार को भेजकर स्थिति का निरीक्षण किया जायेगा। किसी भी स्थिति में जलाशय पर जल संकट नही आने देंगे।

# प्राचार्य ने लगाया तिलक तो तहसीलदार ने भेंट की पुस्तकें, स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल में शासन के निर्देश अनुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोहागपुर तहसीलदार अलका इक्का की उपस्थिति में स्कूल की प्राचार्य शीला चौधरी ने छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया वही तहसीलदार अलका इक्का ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न आयाम है और तकनीक की मदद से प्रत्येक कार्य में उन्नति की जा सकती है कृषि के क्षेत्र में तकनीक के साथ खेती करके भी आप उन्नति कर सकते हैं विज्ञान का क्षेत्र भी व्यापक है वहीं व्यवसाय मैं भी शिक्षा का विशेष महत्व है और उच्च शिक्षा प्राप्त करके प्रशासनिक सेवा के लिए भी अवसर प्राप्त होते हैं आवश्यकता है मेहनत लगन और आत्मविश्वास की आप सभी अच्छी मेहनत करके अच्छी पढ़ाई करें समय पर स्कूल आए स्कूल में शिक्षकों द्वारा आपको पढ़ाया जा रहा है उस पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी पढ़ाई करें और समाज में अच्छा स्थान प्राप्त करें स्कूल से जो हमें अनुशासन की शिक्षा मिलती है उसका हमेशा पालन करें अनुशासित जीवन जीने वाले व्यक्ति जीवन की हर कठिनाई को सुगमता से पार कर लेते हैं छात्रों को सफलता का मार्ग दिखा कर उन्होंने पुस्तकें भेंट की इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्य विद्या सूर्यवंशी शिक्षक सुनील पटेल एवं अभिषेक शर्मा तथा कक्षा 9 से 12 तक के छात्र उपस्थित थे।




# बालक शाला हाई स्कूल में एसडीएम बने शिक्षक, बच्चों को दिया नैतिक शिक्षा का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में स्कूल चले हम अभियान के तहत कल एसडीएम बृजेंद्र रावत ने शासकीय बालक शाला हाई स्कूल शोभापुर में एक दिवसीय अध्यापन कार्य किया। उन्होंने इस एक दिवसीय अध्यापन के दौरान प्राचार्य अवधेश वुधौलिया और शिक्षको की उपस्थिति में बच्चों से नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा से जुड़े प्रश्न किए। उन्होंने उपस्थिति छात्रों से पूंछा कि आपके पड़ोस में हो रही नैतिक और अनैतिक गतिविधियों में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी? इसी तरह उन्होंने उत्सुक छात्रों के प्रश्नों का जवाब देते हुए समाजिक विषयों पर आधारित प्रश्नों का जवाब देकर उनकी उत्सुकता शांत की। पढ़ाई पढ़ाई में उन्होंने छात्रों से मोबाइल चलाने की जानकारी प्राप्त कर उन्हें मशविरा दिया कि अति किसी चीज की भी बुरी होती है। मोबाइल चलाने की लत पर उन्होंने कहा कि मोबाइल के युग ने अपनी नैतिक जिम्मेवारियों, जवादरियों से दूर होते जा रहे हैं। स्कूल चले अभियान के तहत उन्होंने छात्रों से सड़क दुर्घटनाओं, पड़ोस में हो रही लड़ाइयों , पिता से अन्य किसी व्यक्ति की लड़ाई इत्यादि पर प्रतिक्रिया जानते हुए उन्हे सकारात्मक रवैया अपनाने का संदेश भी दिया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि इस समाज के आप अभिन्न अंग हो इसकी सुंदरता आपकी नैतिक जवाबदारियां से बनेंगी।




# आगामी रूपरेखा के लिए हुई भाजपा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भाजपा द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में विजय हासिल करने के बाद आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी रूपरेखात तैयार जाने लगी है। भाजपा कार्यालय में नगर मंडल ग्रामीण मंडल पिपरिया खपर खेड़ा की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर विचार व्यक्त किए गए इस बैठक में केंद्रीय प्रादेशिक जिला नगर मंडल के एवं ग्रामीण मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सभी सदस्य व सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल हुए इसमें नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने बताया कि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल अरविंद राय एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी पदार्थ एकत्रित हुए पार्टी के निर्देश अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें आने वाले आगामी पार्टी एवं संगठन के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई तथा विचार विमर्श किया गया। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ममता नागवंशी ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर महिला मोर्चा को जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित के द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई है इसके लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। लेकिन बैठक के दौरान ऐसा पाया गया कि भाजपा अपने दो गुट में वितरण हो चुकी है।



## खबर संक्षेप

### मंत्री कृष्णा गौर आज हरदा आएंगी

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की मंत्री कृष्णा गौर आज हरदा आएंगी। आज 21 जून को सुबह 10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री गौर श्री अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शामिल होंगी।

### खंडवा की 8 सीड्स कंपनियों के बीज लायसेंस निरस्त

**खंडवा।** उपसंचालक कृषि के.सी. वास्केल ने बताया कि 8 बीज गोदामों का कृषि एवं बीज प्रमाणिकरण के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण गत दिनों किया गया। निरीक्षण के दौरान इन 8 फर्मो द्वारा निरीक्षणकर्ताओं को कोई जानकारी उपलब्ध नही कराई गई और न ही निरीक्षण के लिए रिकार्ड उपलब्ध कराया गया। उपसंचालक कृषि वास्केल ने आदेश जारी कर इन 8 फर्मो के बीज लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए है। उप संचालक कृषि वास्केल ने बताया कि जिन 8 फर्मो के बीज लायसेंस निरस्त किए हैं। उनमें संतोषी सीडस गरणगांव, मेसर्स श्रीराम सीड्स लुन्हार, कृष्णा सीडस बलवाड़ा, मेसर्स बालाजी सीडस एंड एग्रीटेक केहलारी, विजयेश्वरी एग्रो सीडस जसवाड़ी, विमल इंडस्ट्रीज पांजरिया, अन्नपूर्णा सीडस गरणगांव एवं मेसर्स जीवालाजिक्स बायोटेक ई प्राईवेट लिमिटेड शामिल है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योग

**खंडवा।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा अन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम 21 जून को वृहद स्तर पर आयोजित किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम हॉली स्प्रिट कॉन्वेट स्कूल खण्डवा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 6 बजे अतिथि आगमन, 6 बजकर 2 मिनट पर अतिथिगण का उद्बोधन, मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 6 बजकर 10 मिनट पर, सामान्य योग अभ्यासक्रम प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक तथा आभार प्रदर्शन व कार्यक्रम का समापन सुबह 7.50 बजे होगा।

### पुरानी रंजिश में विवाद 2 भाई घायल

**टिमरनी।** थाना क्षेत्र के बघवाड़ में बुधवार को दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते विवाद हो गया। इसके बाद एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे बघवाड़ में संतोष प्रजापति के घर के सामने दो लोगों में रंजिश के कारण विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें हरिओम पिता गरीबदास 35 साल व गोविंद पिता गरीबदास 27 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिर, नाक, गले में चोंट आई है। फरियादी महेश पिता गरीबदास प्रजापति 38 साल निवासी बघवाड़ ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर आरोपी गौरी प्रजापति के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया। डॉ. महेंद्र कुशवाहा प्राथमिक उपचार के बाद हरिओम और गोविंद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रोजगार मेले में 143 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर गुरूवार को शासकीय आईटीआई हरदा में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 165 बेरोजगार युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से कुल पांच कम्पनियों द्वारा 143 बेरोजगार युवक युवतियों का विभिन्न पदों के लिए प्राथमिक चयन किया गया है। इनमें से सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड रायसेन ने 68, बेनिफिट्स वैलनेस प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद ने 33, किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड भोपाल ने 5, एल आई सी हरदा ने 21 तथा शिव शक्ति एग्रोटेक लिमिटेड इंदौर ने 16 युवक युवतियों का प्राथमिक चयन किया।

---

### हमारा संकल्प नियमित रूप से शहरवासियों को मिले शुद्ध पेयजल

# 105 किमी लंबी लाइन बिछेगी, आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, अभी भीषण गर्मी में शहरवासियों को एक दिन छोड़कर पानी की पूर्ति की जा रही है, लेकिन अमृत-2 मिशन से होने वाली आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकी और शहर में करीब 105 किमी लंबी पेयजल पूर्ति लाइन बिछाने के बाद आने वाले 20 सालों तक क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से भरपूर मात्र में पानी की सप्लाई हो सकेगी।

उक्त विचार गुरुवार को शहर के गंज स्थित राठौर पार्क के पास पानी की टंकी का भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर सुबह पूर्ण विधि-विधान से क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन करवाया गया। करीब 75 लाख से निर्मित होने यह पानी की टंकी करीब 13 हजार केएल क्षमता की है। जिससे क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निदान हो जाएगा। इसके अलावा आधा दर्जन ओर भी टंकी का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा। नई टंकियों से पानी की समस्या का होगा समाधान शहर में जो नई टंकियों को निर्माण कराया जा रहा है उससे पानी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इसका काम कुछ ही दिनों में शुरू हो रहा है। पिछले 27 सालों से शहर के लोगों को नियमित रूप से प्रतिदिन पानी इसलिए नहीं मिला है क्योंकि न तो पेयजल के पर्याप्त स्त्रोत हैं और न ही पानी स्टोरेज के लिए आवश्यकता अनुसार टंकियां। यही कारण रहा कि एक तो कभी दो दिन छोड़कर पानी दिया जाने लगा। अब अमृत-2 योजना में 7 टंकियां बनाई जा रही हैं। इससे स्टोरेज क्षमता 60 फीसदी बढ़ जाएगी। इसी तरह 105 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। इससे अब प्रति व्यक्ति 100 की जगह 135 लीटर पानी दिया जा सकेगा। इन टंकियों के बन जाने से शहर की पानी की समस्या काफी हद तक सुलझ जाएगी। अभी 6 बड़ी पानी की टंकियां हैं। इसके अलावा 3 छोटी टंकियां हैं। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन अभी 100 लीटर प्रतिदिन ही मिल पा रहा है। अभी पार्वती नदी के काहिरी बंधान पर नया इंटेकवेल बनाया जाएगा। अभी इसकी क्षमता 12 एमएलडी है जबकि नया इंटेकवेल जो बनाया जाना है उसकी क्षमता 16 एमएलडी हो जाएगी। बाल विहार में 20 लाख लीटर क्षमता की टंकी बनेगी नगर पालिका ने बताया कि बाल विहार मैदान पर बनी पानी की टंकी को गिराया जाएगा। यह टंकी करीब 40 साल पुरानी है। इस टंकी को गिराकर इसकी जगह नई 16 लाख लीटर क्षमता की टंकी तैयार की जाएगी। अभी 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी है। इसलिए 6 लाख लीटर क्षमता बढ़ जाएगी।




यहां पर बनेंगी नई टंकियां बाल विहार मैदान पर नई टंकी बनने के साथ ही अन्य जगहों पर भी टंकियां बनाई जाएंगी। इनमें शुगर फैक्ट्री चौराहा, गंज मोहल्ला, बढियाखेड़ी, मंडी, हाउसिंग बोर्ड, कलेक्टोरेट के पास टंकियां बनाई जाएंगी। इनमें अधिकांश टंकियां 10-10 लाख लीटर की हैं। शहर के लोगों को पिछले 27 सालों से हर रोज पानी नियमित पानी नहीं मिला। इसका प्रमुख कारण यह है कि अगर प्रतिदिन पानी सप्लाई करने की बात सामने आती है तो नपा के पास पानी स्टोरेज के संसाधन कम हैं। गुरुवार को आयोजित भूमि पूजन के मौके पर सन्नी महाजन, नरेश मेवाड़ा, महेश चौरसिया, तुलसीराम काका, मान सिंह पवार, संतोष शाक्य, विपिन सास्ता, कमलेश राठौर, नरेन्द्र राजपूत, प्रदीप गौतम, प्रदीप बिजोरिया, कमलेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा के अलावा समस्त पार्षद और भाजपा नेताओं और क्षेत्रवासी शामिल थे।

---

### लालमाटी गांव में हुआ हमला

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, 1 की मौत, 3 घायल



**खंडवा।** खंडवा जिले के पीपलोद थाना क्षेत्र में गुरुवार को लालमाटी गांव में एक भयानक मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और तीन अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल किया गया है। इस हमले में पांच से अधिक लोगों का शामिल होना बताया, जिनमें से छह लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मामले की महीनता से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हमले की मुख्य वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही हैं। जिसका अंदरूनी झगड़ा दोनों परिवारों के बीच चल रहा था। पीपलोद थाना में आरोपितों के खिलाफ धारा 302 (गंभीर हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया की 18 जून की रात को, लालमाटी गांव में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हुआ। झगड़े के दौरान, पांच से अधिक लोगों ने एक परिवार पर हमला किया, जिसमें अंतू नामक एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। अंतू को तत्काल इंदौर रेफर कर दिया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। इसके साथ ही, तीन अन्य लोगों को भी घायल कर दिया गया, जिनका इलाज खंडवा जिला अस्पताल में जारी है। गौरतलब हैं की मामले की स्थिति को देखते हुए, पीपलोद थाना पुलिस ने वारदात के अटल संज्ञान में लेते हुए छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और आरोपियों की पूरी सूची तैयार की जा रही है। बता दे की मृतक युवक के परिवार को अपने परिजन की अकस्मात मौत से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के सदस्य भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घटना के पूर्व, मामले में शामिल अर्थिक विवाद के बारे में भी चर्चा हो रही है। यह जानकारी मिली है कि मृतक के पिता और आरोपी के परिवार के बीच पांच साल पहले भी विवाद हुआ था, जिसमें शराब पीने के बाद एक दुर्घटना में आरोपी का निधन हो गया था।इस विशेष मामले में, पुलिस अब अनुसंधान जारी रख रही है और संभावित आरोपियों की गिरफ्त में लेने के लिए प्रयास कर रही हैं।

---

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष पानी में तैरते हुए योग



**खंडवा।** खंडवा के गणगौर घाट पर बिना स्विमिंग पूल के बच्चे, युवा और बुजुर्ग प्रतिदिन सुबह तैराकी और जल योग का अभ्यास करते हैं। समाजसेवी सुनील जैन बताते हैं कि यहां तैराकी सिखाने का कार्य वर्षों से किया जा रहा है। लहरों के राजा तैराकी संघ द्वारा सिखाए जा रहे जल योग के अंतर्गत लोग प्राणायाम, पद्मासन, ब्रह्मासन, ताड़कासन, और गरुणासन जैसी मुद्राएं पानी पर करते हैं। तैराकी कोच राजकुमार सिसोदिया के अनुसार, यह अभ्यास शरीर को निरोगी बनाए रखने में मदद करता है। पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस तिरंगा यात्रा की प्रशंसा की थी। जल योग सीखने वालों में राजेश सिकलीकर, संजय शर्मा और मोहन जैन जैसे बुजुर्ग शामिल हैं, जो युवाओं को प्रेरित करते हैं। जल योग के अभ्यास से न केवल तैराकी में निपुणता आती है, बल्कि यह कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। गणगौर घाट पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से यह अभ्यास किया जाता है, जिसमें हर उम्र के लोग शामिल होते हैं। जल योग में विशेष रूप से प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास पानी पर करते हुए किया जाता है, जो एक तपस्या के समान है और प्रशिक्षकों की निगरानी में किया जाता है।

---

### 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया

## मटके का पानी पीकर बीमार हुए चार मजदूर, जांच में जुटी पुलिस

**बुरहानपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर में खेत में काम करने गए 4 मजदूर एक मटके का पीकर बीमार हो गए। पानी पीने के कुछ दूर बाद ही उन्हें उल्टियां होने ली। कुछ देर उन्हें कुछ भी समझ नहीं आया। फिर परिचितों, रिश्तेदारों को फोन लगाया। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के बाद सभी की हालत में सुधार है।

गुरूवार सुबह ग्राम संग्रामपुर में सुबह 4 मजदूर एक किसान के खेत में मजदूरी के लिए गए हुए थे। मजदूरों को प्यास लगी तभी उन्होंने खेत में रखे मटके से पानी पी लिया। इसके बाद काम में जुट गए, लेकिन इसी बीच 4 लोगों को उल्टियां होना शुरू हो गई। खास बात यह रही कि उन्हें कुछ समझ नहीं आया और फिर उन्होंने उसी मटके से दोबारा पानी पिया और उनकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी। बाद में मजदूरों ने अपने गांव में फोन लगाकर गांववालों को बुलाया। गांव वालों ने 108 एंबुलेंस की मदद से चारों मजदूरों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए कराया भर्ती जहां पर उनका उपचार जारी है। मजदूर जुवान सिंग, आकाश आदि का कहना है कि मटके का पानी पीकर बीमार हुए। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

#### टीआई बोले-भूलवश पी लिया होगा पानी

इसे लेकर शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने कहा- खेतों में पानी का घड़ा, मटका रहता है। भूलवश मजदूरों ने उससे पानी पी लिया होगा। दूसरी कोई बात सामने नहीं आई है।

---

### मामला पलासी गांव का

## हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

**खंडवा।** बीते दिनों फरियादी धर्मेन्द्र पिता दयाराम जाति गुर्जर उम्र 35 साल ग्राम पलासी ने दिनांक 16.06.24 को रिपोर्ट किया कि आरोपी शंकर गुर्जर, प्रवीण गुर्जर व खुश्याल गुर्जर द्वारा मैं व मेरे भाई जितेन्द्र गुर्जर, अंकित गुर्जर के साथ झगड़ा छुड़ाने की बात को लेकर माँ बहन की नंगी-नंगी गालियाँ देकर लठ से मारपीट की, जिसमें मुझे व मेरे भाई जितेन्द्र को चोट आई तथा अंकित को सिर में चोट आई। फरियादी की रिपोर्ट अपराध क्रं. 148/24 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में मजरूह अंकित गुर्जर की इलाज के दौरान दिनांक 18.06.24 को मृत्यु हो गई, बाद में प्रकरण में धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा के निर्देशन तथा एसडीओपी हरसुद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धनगांव निरीक्षक विजय वर्मा द्वारा आरोपी शंकर पिता गंगराम गुर्जर उम्र 50 साल निवासी पलासी, प्रवीण पिता गजानंद गुर्जर उम्र 26 साल निवासी पोखर, तथा खुश्याल ऊर्फ खुशाल पिता सुशीलचंद्र गुर्जर उम्र 22 साल निवासी बंझर हाल आनंदनगर चितावद इंदौर की तलाश कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त लठठ को जप्त कर आरोपीयों को न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उसे



खंडवा जेल भेज दिया गया। आरोपीयों द्वारा फरियादी व उसके भाई जितेन्द्र, मृतक अंकित को पुराने विवाद एवं झगड़ा छुड़ाने की बात को लेकर माँ बहन की नंगी-नंगी गालियाँ देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे इलाज के दौरान अंकित की मृत्यु हो गई। इस पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय वर्मा, उप निरीक्षक निर्मल कन्नोजे, उप निरीक्षक दिनेश कुमरावत, रामलाल सेलवाने, दिनेश चिंचे, आनंदराम पटेल, गजेन्द्रसिह पंवार, रमेशचंद गोयल, प्रफुल्ल महादेव, निलेश, प्रमोद, ब्रजकिशोर, राहुल एवं जितेन्द्र राठौर सायबर सेल खंडवा, ग्राम पलासी कोटवार कालुराम ढाकसे की सराहनीय भूमिका रही है।

---

## पटाखा विस्फोट मामले में एक आरोपी की जमानत ख़ारिज

**हरदा।** बीती छह फरवरी को बैरागढ़ की पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लॉस्ट के दौरान ग्यारह लोगों की जान चली गई थी। वहीं दो सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने पटाखा फैक्ट्री के मालिक राजेश अग्रवाल सहित आठ लोगों को आरोपी बनाया गया था। कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। इस मामले में बुधवार को विशेष न्यायालय में आरोपी अभिषेक उर्फ कम्मू पिता अशोक गोयल (अग्रवाल) की ओर से उनके वकील ने विशेष न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। जिला लोक अभियोजक अधिकारी ए आर रोहित ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री ब्लॉस्ट के आरोपी अभिषेक के वकील ने उसके एफआईआर में नाम दर्ज नहीं होने एवं फैक्ट्री की किसी भी डील में एग्रीमेंट नहीं होने की बात का हवाला देकर जमानत के लिए कोर्ट में अपील की गई थी। जिस पर शासन की ओर से डीपीओ ए आर रोहित एवं एडीपीओ जतिन दुबे ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि हादसे के मुख्य आरोपी राजेश एवं सोमेश अग्रवाल से आरोपी अभिषेक अग्रवाल की बीते एक साल से लगातार मोबाइल पर बात हो रही थी। जो उसकी कॉल डिटेल में सामने आया है। वहीं फैक्ट्री के पास आरोपी का प्लाट होने के साथ साथ पीड़ित परिवारों के बताए अनुसार आरोपी का फैक्ट्री में आना जाना रहता था।

---

## फील्ड में रहते समय मानसिक विकार वाले लोगों की पहचान करेंगी एएनएम

### आशा कार्यकर्ता, ट्रेनी एएनएम, जिला अस्पताल में हुई कार्यशाला

**बुरहानपुर।** जिला अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और ट्रेनिंग एएनएम स्टूडेंट के लिए गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान नोडल अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर देवेंद्र झडानिया ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर फील्ड में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, मानसिक विकार वाले व्यक्ति की पहचान कैसे की जाए इसके बारे में बताया।

इसके साथ ही ड्यूटी के दौरान स्वयं के भी शारीरिक, मानसिक स्वास्थ बनाए रखने के लिए के लिए भी कहा गया। मनकक्ष प्रभारी इंचार्ज नर्सिंग ऑफिसर सीमा डेविड ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूकता में योगदान के लिए उत्तरदायित्व के बारे में बताया। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टेली मानस स्वास्थ्य सेवाएं कार्यक्रम टोल फ्री नंबर (14416) 24 घंटे अवेलेबल निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मनहित ऐप को डाउनलोड, टेली मानस नंबर (14416 ) मोबाइल में सेव करते हुए मनहित एप व टेली मानस कैसे काम करता है।

---

## पीले चावल से दिया आमंत्रण




**रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर में प्राथमिक शाला आमसागर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे नप्रवेशित बच्चे के माता पिता के घरों में पीले चावल देकर शाला प्रवेश के लिए आमंत्रित किया और बच्चो को प्रतिदिन शाला भिजवाने के लिए प्रेरित किया। बच्चो के माता पिता ने अपने अपने घरों से कुमकुम का तिलक लगाकर विदा किया और समुदाय एवं संस्था द्वारा निर्मित युवा समूह के साथियों ने मिलकर डोल तांसे, रैली तथा नारे के माध्यम से शाला प्रांगण में बच्चो को लाया गया। स्कूल के प्रवेश द्वार में सरपंच रमकू बाई पति जयसिंह तथा पूर्व सरपंच श्रीकिशन धुर्वे के द्वारा तिलक लगाकर तथा फीता कटवाकर स्वागत किया।इस दौरान किताब वितरित की गई। शाला परिसर से पर प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय, सुनीता बिलारे, मंजू मालवीय, सुखदेव सूर्यवंशी, टर प्रभारी योगिता कोल्हे, युवा समूह से रंजित कलम, प्रेमवती काजले श्यामवती काजले, राखी, संतलाल देवड़ा, विशाल ,पायल पांसे तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि रहे मौजूद।

---

## स्कूली पाठ्यक्रम के साथ-साथ विद्यार्थी अपना सामान्य ज्ञान भी बढ़ाएंः कलेक्टर

### उत्कृष्ट स्कूल की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरद

₹स्कूल चले अभियान₹ के तहत 18 से 20 जून तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत गुरुवार को जिले के अधिकारियों ने अलग अलग स्कूलों मे जाकर विद्यर्थियो को एक-एक पीरियड पढ़ाया।



इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा और और अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा ने नवीन हाई स्कूल में जाकर बच्चों को पढ़ाया। कलेक्टर श्री सिंह ने उत्कृष्ट स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को पढ़ाया और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि अनुसार विषय चयन करना चाहिए। उन्होने विद्यार्थियों को सीख दी कि अपने मनपसंद केरियर के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जरूरी मार्गदर्शन देने के लिए कोचिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सीख दी कि वे अपनी शारीरिक फिटनेस के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लें।

---


### 23 से 25 जून तक बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**हरदा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून 2024 तक 5 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई जावेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। इसके लिए सभी विकासखण्डों में कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमे आशा कार्यकर्ता ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिले के 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जावेगी। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान के पहले दिन 23 जून रविवार को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

---

### राजस्थानी भवन में हुई भाजपा की जिला बैठक

## कार्यक्रमों में सिर्फ कार्यकर्ता ही नहीं, डॉक्टर इंजीनियर, शिक्षक जैसे बुद्धिजीवियों को भी बुलाएं



**बुरहानपुर।** बुधवार शाम इंदिरा कॉलोनी के राजस्थानी भवन में भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक आयोजित हुई जिसमें 21 जून से 6 जुलाई तक किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को और बेहतर बनाने के लिए पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने ने कहा- जिला और मंडल स्तर पर टोलियां आपस में बैठकर कार्यक्रमों का एजेंडा तय कर ले। किस मंडल में कौन सा जनप्रतिनिधि जाएगा यह भी तय कर लिया जाए। जिलाध्यक्ष ने आर्टिकल 356, पौधरोपण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कार्यक्रम में सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, सरकारी अफसर, कर्मचारी, व्यापारियों को भी शामिल करें। इस अवसर पर नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, पूर्व विधायक रामदास शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, वरिष्ठ अरुण शेंडे, ज्ञानेश्वर मोरे, जगदीश कपूर, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, सुभानसिंह सोलंकी, राहुल जाधव, कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### हर कार्यक्रम में शामिल करें युवाओं को

नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा यह कार्यक्रम पूरी ईमानदारी से करना है। चाहे आपातकाल हो, पौधारोपण हो या दीनदयाल जी और मुखर्जी पर व्याख्यान हो। इसमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल करें। पूर्व विधायक रामदास शिवहरे ने कहा पौधरोपण औपचारिक नहीं रहे। ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।